# बसपा प्रत्याशी का नाम सामने न आने से संशय बरकरार

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- लोकसभा चुनाव में खराब नहीं रहा है इस पार्टी का प्रदर्शन



**अमृत विचार।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा न होने से दोनों जिलों में राजनीति की हवा का आकलन करने वाले धुरंधरों में ऊहापोह है। इनका कहना है कि जब तक बसपा का उम्मीदवार सामने नहीं आता, चुनावी गुणा भाग पर हल नहीं निकाला जा सकता।

जिले में बसपा के धुर आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर पाते कि उसका यहां राजनीतिक वजूद ऐसा है, जिसको नजरंदाज करना चाहिए। जब से बुंदेलखंड में इस पार्टी का प्रादुर्भाव हुआ, प्रदर्शन प्रभावी ही कहा जाएगा। आखिर इस पार्टी ने भी जिले में दो बार सांसद दिए हैं। यह अलग बात है कि दोनों बार पार्टी के सिंबल से जीतकर रामसजीवन सिंह दिल्ली पहुंचे। पहली बार 1996 में तो दूसरी बार 1999 में। इसके बाद से जिले में पार्टी ऐसा कोई नेता नहीं दे पाई, जो दूसरी पार्टियों को टक्कर देकर लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर सके।

यहां बसपा सरकार में मंत्री रहे दद्दू प्रसाद का उल्लेख करना समीचीन होगा। राजनीति के जानकार दावा करते हैं कि यदि किसी परिस्थितिवश बसपा से उनकी विदाई न हुई होती तो शायद इस पार्टी की स्थिति कुछ और होती। बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर पार्टी की वर्तमान स्थिति का आकलन करने से पूर्व पिछले दो चुनावों में इसकी परफार्मेंस देखनी होगी। बात 2014 के लोकसभा चुनाव की की जाए तो बसपा के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने ही भाजपा के प्रत्याशी भैरों प्रसाद को टक्कर दी थी। तब भैरों 3,42,066 मत पाकर विजयी हुए थे। आरके को 2,26,278 वोट प्राप्त हुए थे।

2019 के चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी श्यामाचरण गुप्ता चुनाव मैदान में थे। बसपा का कैडर या बेस वोट तब भी संगठित था। यह इस तथ्य से कहा जा सकता है कि 2014 में बसपा प्रत्याशी और सपा प्रत्याशी को कुल मिलाकर 4,16,008 वोट मिले थे। 2019 में संयुक्त प्रत्याशी को भी 4,18,988 वोट प्राप्त हुए थे। मतलब यही निकलता है कि पिछले चुनाव में भी दोनों पार्टियों के कट्टर समर्थक कहीं नहीं गए थे। अब अगर प्रतिशत की बात की जाए तो 2014 में सपा और बसपा के वोटों का प्रतिशत जोड़ दें तो यह 48.45 होता है। 2019 में दोनों पार्टियों का वोट प्रतिशत कम हो गया था, क्योंकि महागठबंधन के प्रत्याशी को 40.50 फीसदी वोट मिला था। तब राजनीतिक पंडितों ने इसका आकलन इस तरह किया था कि यहां काफी हद तक पटेल समुदाय और कुछ हद तक फ्लोटिंग वोटों ने निर्णायक भूमिका अदा की थी। जाहिर है कि इस तरह बसपा का दोनों जिलों की राजनीति में कमतर करके आकलन करना इस पार्टी के साथ नाइंसाफी होगी। शायद यही वजह है कि अब भी राजनीतिक पंडित इस पार्टी के प्रत्याशी के सामने आने के बाद ही कुछ कहने की स्थिति में खुद को पा रहे हैं।

### तो ब्राह्मण ही होगा प्रत्याशी : शिवबाबू

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट इस बात पर कायम हैं कि यदि सपा और भाजपा ने अपना प्रत्याशी नहीं बदला तो फिर प्रत्याशी ब्राह्मण समुदाय से होगा। उन्होंने बताया कि आलाकमान को जो नाम भेजे गए हैं, वे सभी इसी समुदाय से हैं। इनमें से एक नाम का खुलासा करते हुए बताया कि बदौसा से जिला पंचायत सदस्य और पुरुषोत्तम द्विवेदी के सुपुत्र मयंक द्विवेदी ने भी पार्टी से टिकट मांगा है। उन्होंने बताया कि तीन नाम बांदा से और दो नाम चित्रकूट से हैं। उन्होंने ज्यादा कुरेदने पर यह जरूर बताया कि चित्रकूट से दोनों नाम बसपा से नहीं बल्कि दूसरे दलों से हैं और पहले भी जनप्रतिनिधि रह चुके हैं पर नाम बताने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि एक या दो अप्रैल तक पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो जाएगी।

### यह है समय का फेर

समय का फेर देखिए कि 2014 में दूसरे नंबर पर रहे आरके ने बसपा छोड़कर भाजपा अपनाई और पहले विधायक मानिकपुर बने। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कोई और प्रत्याशी ही नहीं मिला, जिस पर वह विश्वास जता सके और आरके को ही सांसदी का टिकट दिया। आरके लखनऊ के बाद दिल्ली जा पहुंचे। अब आरके ही भाजपा से फिर चुनाव मैदान में हैं।

### बसपा को हल्के में लेना होगी भूल

बसपा के प्रत्याशी को दोनों जिलों की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए हल्के में लेना राजनीतिक पंडितों की भूल भी साबित हो सकती है। इसकी वजह यह है कि जहां 2014 के चुनाव में बसपा का प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहा था, वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 26 .35 रहा था। जबकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बाल कुमार पटेल को कुल 1,89,730 मत मिले थे। 2019 के चुनाव में भी जब सपा-बसपा महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में व्यापारी श्यामाचरण गुप्त (अब दिवंगत) चुनाव मैदान में उतरे थे तो वह भाजपा के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल से पराजित हो गए थे। जिला पंचायत चुनाव में भी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा था।

### इस बार निर्णायक हो सकता है ब्राह्मण वोट

चाहे कुछ भी कहा जाए, बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट का चुनाव अंतत: जाति आधारित हो जाता है। यही वजह है कि राजनीतिक पार्टियां इसी गुणागणित के आधार पर प्रत्याशी चयन करते हैं। इस बार जिस तरह से भाजपा प्रत्याशी को लेकर ब्राह्मणों खासकर इसके युवा वर्ग में जिस तरह की नाराजगी दिख रही है, बसपा उस हवा को भांप रही है। यही कारण है कि वह इस वर्ग से प्रत्याशी उतारने की बात कह रही है। अब देखना यह होगा कि जैसा कि भाजपा समर्थक दावा करते हैं कि सवर्ण और खासकर ब्राह्मण वोट भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाता, तो फिर चुनाव के नतीजे किस ओर जाते हैं और यह विरोध भी किस हद तक प्रभावी होता है।

# चुनावी सामग्री में पर्यावरण संबंधी जागरुकता जरूरी

संवाददाताकार्यालय,चित्रकूट

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र ने की अपील
- कहा-कागज का कम प्रयोग भी पर्यावरण के अनुकूल

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र निगम ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्रियों की छपाई के लिए पर्यावरण स्थिरता और मापदंडों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ अधिकारियों को पर्यावरण-मुक्त चुनाव की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में बाकायदा रूपरेखा तैयार की गई है। इसमें पर्यावरण संबंधी चिंताओं को बताया गया है।

उन्होंने बताया कि 18 अगस्त 2023 के परिपत्र के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को इस संबंध में बताया गया है। ईसीआई की सलाह और इस मामले में न्यायालय के निर्देशों का ईमानदारी से पालन करने के लिए फिर कहा गया है। चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का उपयोग न करने से लेकर विभिन्न चरणों के दौरान सामग्री की छपाई और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे कार्य और पुस्तकों की भौतिक छपाई को कम करने और पर्यावरण अनुकूल उपायों की बढ़ावा देने के लिए संदर्भ / उपयोग के लिए रूपरेखा जारी की गई है।

उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि केवल पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करें और सिंगल यूज प्लास्टिक से पूरी तरह बचें। विभिन्न प्रकार के कचरे का अलग-अलग निपटान करें। उन्होंने कहा कि कागज का कम से कम प्रयोग भी पर्यावरण के लिए सकारात्मक कदम होगा। इसकी तुलना में ई-पुस्तकों और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के उपयोग पर जोर दिया जाए।

# असलहा, गांजा के साथ चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

## वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, पहाड़ी पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



पुलिस की गिरफ्त में चारों आरोपी।

**अमृत विचार।** पहाड़ी पुलिस ने अवैध असलहे और मादक पदार्थ रखने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि ये किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे कि दबोच लिए गए।

प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सख्त चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में बीते दिन सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार मिश्र, मातादीन, प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर किशन कुमार, सिपाहियों कृष्णपाल सिंह, राहुल कुमार और संतोष कुमार के साथ क्षेत्र भ्रमण में थे। नोनार गांव की ओर जा रहे थे कि तभी मुखबिर ने बताया कि कुछ संदिग्ध लोग नोनार मोड़ के पास बैठे हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां बैठे चारों युवक भागने लगे। इनको पकड़कर लिया गया।

आरोपी रवि पांडेय उर्फ आकाश पुत्र रघुनंदन पांडेय निवासी जदूह थाना सेमरिया जिला रीवा (मध्य प्रदेश) के पास से सवा किलो गांजा, अमन पटेल पुत्र राजेंद्र सिंह, पंकज सिंह उर्फ पप्पू पुत्र प्रेमचंद्र पटेल, अनुज पटेल पुत्र छेदीलाल पटेल निवासीगण प्रसिद्धपुर के पास से एक-एक तमंचा व दो-दो कारतूस बरामद किए गए। एसओ के अनुसार, ये लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनको संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बताया कि रवि के खिलाफ कर्वी के अलावा बांदा जिले के फतेहगंज व सतना के नयागांव में रिपोर्ट दर्ज हैं।

# वाहन चोरी में तीन दोषियों को कारावास

**चित्रकूट ।** वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सात अक्टूबर 2020 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी ने कबरापुरवा के पास राजापुर थाने के चिल्लीमल निवासी रामचंद्र यादव, पप्पू प्रजापति व सुधीर सिंह को गिरफ्तार किया था। ये तीनों वाहन चोर साथियों के साथ मोटरसाइकिलों को लेकर जा रहे थे। पुलिस ने पूछतांछ के बाद इनसे चोरी की आठ बाइकों को बरामद किया था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। चोरी की गाड़ियां बरामद होने के मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी रामचंद्र यादव, पप्पू उर्फ ओमप्रकाश प्रजापति व सुधीर सिंह को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दो-दो हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

# तय समय में कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

संवाददाताकार्यालय,चित्रकूट



जंचीं कॉपियों को देखते उप नियंत्रक डॉ. रणवीर सिंह चौहान। अमृत विचार

- डीआईओएस ने उप नियंत्रक और परीक्षकों को दी बधाई

**अमृत विचार।** निर्धारित समयावधि में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन काम समाप्त हो गया। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने मूल्यांकन केंद्र चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य और उप नियंत्रक डा. रणवीर सिंह चौहान और परीक्षकों को बधाई दी।

डा. चौहान ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की कुल 1,13,662 कापियां जांची गईं। हाईस्कूल की 63453 और इंटर की 50209 उत्तर पुस्तिकाएं इसमें शामिल हैं। हाईस्कूल में 25 और इंटर में 40 टोलियां लगाई गई थीं। बताया कि सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। सभी विषयों के अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों की देखरेख में अंकेक्षण भी कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ. रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ. आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, लालमन, प्रवीण त्रिपाठी, शिवाधार पांडेय, जयप्रकाश यादव, पवन कुमार, अमित द्विवेदी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, राकेश, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरीश कुमार तिवारी, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि का योगदान रहा। उप नियंत्रक ने सभी उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षकों से मूल्यांकन के पारिश्रमिक भुगतान के लिए पत्र परीक्षा कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

# सिगरेट न पिलाने पर युवक के साथ मारपीट

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बाराखंबा मोहल्ले में सिगरेट न पिलाने से नाराज युवकों ने एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा। घायल ने कोतवाली में तहरीर दी है। लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी प्रशांत कुमार पुत्र प्रेमचंद ने बताया कि वह अपने घर के पास बाराखंबा चौराहे पर खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। उसी दौरान चार युवक उसके पास आए और उसे सिगरेट पिलाने के लिए कहने लगे। बताया कि जब उसने सिगरेट पिलाने से मना किया तो चारों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। घायल युवक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# विवाहिता के परिजनों को ससुरालीजनों ने पीटा

संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट

- दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर समझाने आए थे

**अमृत विचार।** विवाहिता बेटी के ससुरालीजनों पर उसके माता-पिता ने जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहपुर निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी बेटी अल्का की शादी दिसंबर 2022 में कर्वी में की थी। दामाद अंकित श्रीवास्तव अलीगढ़ में प्राथमिक शिक्षक है।

आदित्य ने बताया कि शादी के बाद विवाद होने पर वह पत्नी सरिता व बेटे उदित के साथ शुक्रवार को बेटी की ससुराल कर्वी आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि दामाद, उसके माता-पिता, भाई व अन्य ससुरालीजन बेटी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। जब वे लोग पहुंचे और इस संबंध में समझाने का प्रयास किया तो बेटी के ससुरालीजनों ने उनको कमरे में बंद कर जमकर मारापीटा।

आरोप लगाया कि बंदूक की बट से जानलेवा हमला किया गया। बचाव में आने पर बेटी अल्का की भी पिटाई की। हमले से घायल परिवार ने कोतवाली में घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर, दूसरे पक्ष से बात नहीं हो सकी।

# चोरियों में पुलिस की शह तो नहीं:रुद्र

संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट



माकपा की बैठक में बोलते जिला सचिव रुद्र प्रसाद। अमृत विचार

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता

**अमृत विचार।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने शहरी क्षेत्र में हो रही चोरियों पर चिंता जताई है। उन्होंने आशंका जताई है कि इन घटनाओं के पीछे कहीं कुछ पुलिसकर्मियों की शह तो नहीं है।

पार्टी की जिला कमेटी की बैठक में अधिवक्ता रुद्र प्रसाद ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जिस ढंग से चोरियां हो रहीं और उनका खुलासा नहीं हो पा रहा है, यह चिंताजनक है। एक भी चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी। थानों के प्रभारियों के बदले जाने के बाद भी न तो अपराधों में कमी आ रही है और न अपराधियों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच रहे हैं। बताया कि छह सितंबर 23 की एक घटना का अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी और बीते दिनों एसडीएम कालोनी में ही शिक्षक श्यामसुंदर यादव के घर चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया।

इसी प्रकार सीतापुर चौकी अंतर्गत रानीपुर भट्ट के आशुतोषनगर में होली के दौरान एक ठेकेदार के बंद मकान से लाखों की चोरी हुई। सीसीटीवी में चोर नजर भी आए पर इनको पकड़ा नहीं जा सका। अधिवक्ता ने आशंका जताई कि पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही से न तो चोर पकड़े जा रहे हैं और न माल बरामद हो रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इन चोरियों के पीछे कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत तो नहीं। शिवमोहन यादव, चुनकूराम पाल, मो. अली, राजाराम, सदस्य अजय, शिवम, देवराज आदि मौजूद रहे।

### अनाज बांटने को लेकर किसान को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के मंगरौठ गांव निवासी देवेंद्र पुत्र विजय ने बताया कि अनाज बांटने को लेकर हुए विवाद के चलते खेत मालिक जितेंद्र व हेमेंद्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा।

विवाद | एक का कहना पैसे दिए, दूसरे पक्ष के अनुसार नहीं लिए, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी से शिकायत

# बिजली बिल भुगतान को लेकर दो भाजपाई आमने-सामने

संजय साहू, चित्रकूट

- सरैंया चौकी प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग



रामलाल पाल।

**अमृत विचार।** बिजली बिल को लेकर दो भाजपाई आमने सामने हैं। एक भाजपा नेता का आरोप है कि बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत दूसरे भाजपा नेता ने उससे पंद्रह हजार रुपये ज्यादा ले लिए। उसने इस संबंध मे सरैंया चौकी प्रभारी को तहरीर तो दी ही है, साथ ही जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी से भी शिकायत की है।

मानिकपुर तहसील अंतर्गत हनुवां मजरा गड़रियनपुरवा निवासी रामलाल पाल ने बताया कि वह भाजपा के ऐंचवारा मंडल उपाध्यक्ष हैं। बताया कि ससमय बिजली बिल का भुगतान करने के बाद भी बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी का आरोप लगा दिया और जुर्माना कर दिया। बताया कि इस पर उन्होंने पार्टी के मंडल अध्यक्ष, आशीष पांडेय, जो बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत हैं, को माध्यम बनाकर आठ जनवरी को राधा लाज स्थित कार्यालय में बिल जमा किया। बताया कि संविदाकर्मी आशीष ने उनसे कुल 60 हजार रुपये लिए और पांच रसीदें दीं। इन रसीदों में दर्ज धन मिलाने पर कुल 45 हजार रुपये होता है। बताया कि आशीष ने उससे पंद्रह हजार रुपये यह कहकर ज्यादा लिए कि विभागीय अधिकारियों को घूस देना होता है। रामलाल का कहना है कि जब उसने विभाग में पता किया तो किसी ने भी सुविधाशुल्क लेने की बात से इंकार किया और यह कहा गया कि बाकी रुपये संविदाकर्मी आशीष पांडेय ने लिए हैं। उसने संविदाकर्मी के खिलाफ सरैयां चौकी में तहरीर दी है।

### मामला कोतवाली क्षेत्र का: चौकी प्रभारी

इस संबंध में सरैयां चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने बताया कि उनको दो दिन पहले ही मामले की जानकारी हुई है। एक व्यक्ति कहता है कि रुपये दिए, दूसरे का कहना है कि नहीं दिए। तीसरा कोई उस दौरान था नहीं। ऐसे में किसकी बात मानें। दोनों राजनीतिक आदमी हैं। मामला कोतवाली क्षेत्र का है और विद्युत विभाग का है।

### मेरी जानकारी में नहीं: जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि उनको मामले की जानकारी नहीं है। जब मंडल अध्यक्ष से मिलेंगे तो पता करेंगे।

### मुझे रुपये दिए ही नहीं :आशीष

मंडल अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहा कि रामलाल 10 हार्सपावर की चक्की लगाए थे। इस पर विजिलेंस टीम ने जुर्माना लगाया था। राधा लाज जाकर रामलाल खुद अपना मामला निपटा आए थे। मुझे तो रुपये दिए ही नहीं गए। अब मैं क्या कह सकता हूं। चुनाव का समय है, ज्यादा बोलना ठीक नहीं रहेगा।

### एसपी से मिलकर कराएंगे कार्रवाई:विनय कुमार

उधर, इस संबंध में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं की और भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौन हैं। ऐसे में अखिल भारतीय पाल महासभा रामलाल पाल की मदद करेगी। बताया कि शनिवार को इस संबंध में एसपी से मिलकर कार्रवाई का अनुरोध करेंगे।




## एक नजर

### खंती में कार पलटने से पांच लोग घायल

बांदा। तेज रफ्तार खंती में पलटी पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फरूर्खाबाद के कमालगंज के रहने वाले पांच लोग कार में बैठकर मैहर दर्शन करने जा रहे थे। तभी बबेरू के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने में कार आनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। इसमें सवार पांच लोग चोटहिल हो गए। गंभीर रूप से घायल ललिता गुप्ता (25)उसका पति विनय (30) मधु गुप्ता (30)पत्नी ललित गुप्ता घायल हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### आग से बच्चे समेत दो लोग झुलसे

बांदा : बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव निवासी 7 वर्षीय शिवा पुत्र संदीप गुरूवार की शाम खेल रहा था। तभी गर्म दूध का भगोना उसके ऊपर जा गिर जिससे वह झुलस गया। इसी तरह शहर के काशीराम कालोनी निवासी 30 वर्षीय शिवकुमारी पत्नी बच्चा खाना बना रही थी। तभी उसके कपड़ो में आग लग गई जिससे वह झुलस गई। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चोरों ने नकदी व मोबाइल किया पार

औंग। चोरों ने एक घर में घुसकर हजारों की नगदी और एक मोबाइल फोन पार कर दिया। मामले की तहरीर पीड़ित औंग थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी राहुल सिंह ने देते हुए बताया कि वह गुरूवार की रात घर के बाहर सो रहा था। सुबह देखा तो दरवाजा खुला था और 1250 रुपये नगद व मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मुख्तार की मौत से सनसनी, छावनी बना रहा मेडिकल कॉलेज

## गुरुवार से लेकर शुक्रवार की शाम तक पैरा मिलिट्री व पुलिस के हवाले रहा मेडिकल कॉलेज परिसर

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** मंडल कारागार में बंद रहे माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत, पोस्टमार्टम और गाजीपुर रवानगी तक करीब 20 घंटे शहर के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए बहुत मुश्किल भरे गुजरे। माफिया के मेडिकल कालेज पहुंचने से लेकर गाजीपुर रवाना होने तक पूरा परिसर छावनी में तब्दील रहा और तीमारदारों को पैरा मिलिट्री फोर्स व पुलिस के जवानों की रोक टोक का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे जब माफिया डॉन के शव को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया, तब जाकर मेडिकल कालेज के मरीज, तीमारदार, चिकित्सक और स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली है।



मुख्तार अंसारी।

गुरुवार की शाम करीब 8.25 बजे माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे सीसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया, लेकिन माफिया की जान नहीं बचाई जा सकी। रात करीब 10.30 बजे मेडिकल कालेज की ओर से मेडिकल बुलेटिन जारी करके माफिया की मौत की अधिकारिक पुष्टि की गई। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाने और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की गई। माफिया का शव मेडिकल कालेज में होने के कारण प्रशासन ने जरूरी एहतियात बरतते हुए यहां की सुरक्षा पुलिस के साथ ही पैरा मिलिट्री फोर्सेज के हवाले कर दी। माफिया के मेडिकल कालेज में दाखिल होने से लेकर यहां से गाजीपुर के रवाना होने तक मेडिकल कालेज के गेट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और हर किसी आने जाने वाले पर कड़ी नजर रखी गई। मेडिकल कालेज मे आने जाने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भी पुलिस की रोक टोक का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे जब माफिया का शव दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ गाजीपुर के लिए रवाना हुआ, तब जाकर सभी ने राहत की सांस ली।

**रोजा नहीं रख पाते, दिन में एक बार मुश्किल से पढ़ पाते नमाज :** मुख्तार की मौत के बाद शुक्रवार को एक ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। ऑडियो मुख्तार और उसके बेटे उमर का बताया जा रहा है।अमृत विचार अखबार ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। आडियो में मुख्तार अपने बेटे उमर से जेल में अपनी गंभीर हालत पर चर्चा कर रहा है। मुख्तार की बात पहले उसकी बहू निखत से होती है। इसके बाद उमर और मुख्तार के बीच बातचीत होती है जिसमें मुख्तार खुद को करीब 10 दिनों से बीमार बता रहा है। साथ ही रमजान में रोजा भी नहीं रख पाने की बात कह रहा है। ऑडियो में उसने एक वक्त की नमाज अदा कर पाने का भी जिक्र किया है। मुख्तार कह रहा है कि अल्लाह को अगर जिंदा रखना होगा तो रूह रहेगी और बॉडी चली जाएगी। जवाब में उमर अंसारी पिता को ढांढस बंधा रहा है। उमर सब ठीक होने के बाद परिवार के साथ हज में जाने का वादा कर रहा है। साथ ही कह रहा है कि वह डालीबाग वाली कोर्ट में है मुलाकात की परमीशन करा रहा है। अगर परमीशन हो गई तो वह और भाभी मिलने आएंगे। उमर कह रहा है कि हमने न्यूज चैनलों में चल रहे वीडियो में आपको देखा है, आप बहुत कमजोर हो गए है।



मेडिकल कॉलेज में तैनात पुलिस के आला अधिकारी। अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज परिसर में तैनात अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

### पिता की मौत पर लेंगे कानून का सहारा : उमर

माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी ने जहां पिता की मौत पर जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं उन्होंने पिता की मौत के मामले को लेकर कानून का सहारा लेने का दावा किया है। कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर उन्हें कतई भरोसा नहीं है। वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे, उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। उमर ने बताया है कि बड़े भाई विधायक अब्बास अंसारी को पैरोल पर पिता के जनाजे में शामिल कराने के लिए न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उम्मीद जताई है कि उन्हें न्याय मिलेगा और बड़े भाई को पैरोल पर जनाजे में शामिल होने की अनुमति मिल पाएगी। खास बात यह भी है कि मुख्तार की पत्नी अफशां अंसारी के भी पति के जनाजे में शामिल होने पर असमंजस की स्थिति है। बता दें कि मुख्तार की पत्नी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी है।

## माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर उठने लगी जांच की मांग

**बांदा।** माफिया डॉन मुख्तार की मौत पर जहां सभी विपक्षी दलों ने एक स्वर से जांच की मांग बुलंद करना शुरू कर दिया है। वहीं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने पूरे मामले को उसरीचट्टी प्रकरण से जोड़कर बताया है। कहा है कि मुख्तार अंसारी की मौत का मामले के तार कहीं न कहीं पूर्वांचल के माफिया बृजेश सिंह से जुड़े हो सकते हैं। कहा है कि बांदा जेल में मुख्तार की रहस्यमय मौत की विस्तृत जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। बताया है कि उसरीचट्टी में मुख्तार के काफिले पर हमले की घटना को लेकर प्रदेश में तरह तरह की चर्चाएं हैं। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार जिस प्रकार माफियाओं में भेदभाव कर कुछ माफियाओं को प्रश्रय और कुछ के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, उससे इस प्रकार के तथ्य और तत्व होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### क्या कह रहा है मुख्तार का बेटा?

- मुख्तार के बेटे उमर बांदा के मेडिकल कॉलेज पहुंचा। लगाया बड़ा आरोप प्रशासन ने पिता के मौत की जानकारी नहीं दी। मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई। स्लो पॉयजन के सवाल पर कहा कि मैं कौन होता हूं आरोप लगाने वाला पिता ने बताया था कि उन्हें जहर दिया गया था। मेरे पिता को जहर दिया गया, 19 मार्च को ही उन्हे जहर दिया गया। मुझे प्रशासन पर भरोसा नहीं है लेकिन न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है। दोपहर में पिता से उमर की फोन पर हुई थी बात अपनी तकलीफ बताई थी।
- वहीं, मुख्तार के बेटे से मिली जानकारी के मुताबिक, जेल में बद भाई अब्बास की पैरोल के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की जाएगी। बेटा उमर इससे पहले मंगलवार को भी पिता की तबियत बिगड़ने पर भी मेडिकल कॉलेज पहुंचा था लेकिन उसे पिता से मुलाकात नहीं करने दिया गया था। आरोप लगाया था कि सूचना देकर बुलाया गया। रमजान के महीने में रोजा रहते हुए 900 किलोमीटर दूर से बुलाने पर आया हूं इसके बाद भी मिलना तो दूर शीशे से भी देखने नही दिया गया।

### डीएम व एसपी समेत आला अधिकारी रहे मौजूद

- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, एडीएम राजेश सिंह सहित सभी सीओ और कोतवाली नगर, अतर्रा, बदौसा, कोतवाली देहात, बबेरू, बिसंडा, गिरवा सहित जिले भर का फोर्स सुरक्षा में तैनात दिखा।



होली मिलन समारोह में कविता पाठ करते कवि राम भदावर। अमृत विचार

# ओज की कविताओं के बीच हास्य का तड़का

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के होली मिलन समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। वहीं लोगों ने पकवानों का भी लुत्फ उठाया। राष्ट्रीय कवि राम भदावर के साथ हास्य कलाकार पंकज तिवारी ने होली पर आधारित कविताएं और हास्य व्यंग प्रस्तुत कर लोगों को जमकर गुदगुदाया।

गुरुवार की शाम शहर के किरन कालेज चौराहा स्थित केशव कुंज में आरएसएस का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी में होली मिलन हुआ। गुलाल लगाकर लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय कवि राम भदावर (ग्वालियर) ने ओज व वीर रस की कविताएं प्रस्तुत करके जोश का संचार किया। हास्य कलाकार पंकज तिवारी (ललितपुर) ने लोगों को जमकर हंसाया। हास्य और व्यंग्य प्रस्तुत कर कलाकार ने रंग जमा दिया। इस मौके पर शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, आरएसएस विभाग प्रचारक मनोज, जिला प्रचारक अनुराग, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू पाल, सुरेश तिवारी, सुल्ली महराज समेत आरएसएस पदाधिकारी व स्वयंसेवक और भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक-दूसरे के गले लगकर दी शुभकामनाएं

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह में स्वाजतीय लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कालू कुआं स्थित शैलेंद्र सिंह के आवास में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं लोगों ने पकवानों का भी लुत्फ उठाया। गुझिया समेत ठंडाई का दौर भी चला। होली मिलन समारोह में महासभा पदाधिकारियों समेत तमाम स्वाजातीय लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की।

# गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**मौदहा।** कस्बा स्थित (चर्च ऑफ क्राइस्ट) चर्च में गुड फ्राइडे के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। सभा का संचालन नथानियल दास ने किया। सभा में प्रभु यीशु मसीह द्वारा क्रूस से कही सात वाणियों पर वक्ताओं ने विचारों को रखा। प्रथम वाणी- 'हे पिता इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं।' पर वक्ता श्री नोएल मसीह द्वारा क्षमा करने के महत्व को बताया गया। एक दूसरे की गलतियों को क्षमा करने से हम परमेश्वर की इच्छा को पूर्ण करते हैं। दूसरी वाणी - 'आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा।' पर श्री नथानियल दास द्वारा विचारों को व्यक्त किया गया। उन्होंने बताया कि मनुष्य यदि अपने पापों के लिए पश्चाताप करे तो प्रभु उसे क्षमा अवश्य करेंगे। इसी प्रकार श्री उपेन्द्र, श्री रमाशंकर, श्री मती अनीता स्टेनली, श्रीमती माया स्टेनली व श्रीमती मंजू मसीह द्वारा क्रमशः तीसरी, चौथी, पांचवी, छठी व सातवीं वाणी पर बाइबिल के संदर्भ से प्रेम, त्याग, दया, दीनता, नम्रता व आज्ञाकारिता रूपी गुणों पर व्याख्यान दिया गया। लोगों ने सुख-समृद्धि, शान्ति की प्रार्थना की।

# स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- घर-घर जाकर आश्रितों को सौंपा क्रांति तीर्थ शर्ट व कलमदान
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने किया आयोजन

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई अध्यक्ष ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले क्रांतिकारियों के आवास में जाकर उनके आश्रितों को सम्मानित कर जन्म भूमि को नमन किया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों से हालचाल जाना।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं संस्कृति मंत्रालय (नई दिल्ली) द्वारा अमृत काल वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष रामप्रताप शुक्ल मानस किंकर की अगुवाई में देश को आजादी दिलाने में भागीदारी करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के घर-घर जाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मर्दन नाका निवासी क्रांतिवीर पंडित गोपीनाथ दनादन महराज के सुपुत्र सत्य प्रकाश द्विवेदी व उनके नाती डा.संजय द्विवेदी दनादन, मढ़िया नाका निवासी ताम्रपत्र प्राप्त वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंभू दयाल श्रीवास्तव के सुपौत्र हर्ष श्रीवास्तव एवं स्वतंत्रता संग्राम में सहयोगी भूमिका निभाने वाले छोटी बाजार निवासी गेंदालाल गुप्ता के सुपुत्र पूर्व प्रधानाचार्य आनंद किशोर लाल व नाती विकल्प आनंद को क्रांति तीर्थ की शर्ट एवं कलम दान देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सहकोषाध्यक्ष केवल प्रसाद द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष आनंद किशोर लाल ने कार्यक्रम में सहयोग किया।




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

# कारोबार के नाम पर दो लाख की ठगी

संवाददाता, अतर्रा बांदा

- पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी की रिपोर्ट, पीड़ित ने आरोपियों से की थी पार्टनरशिप

**अमृत विचार।** साझे में कुर्सी का व्यापार करने का झांसा देकर पीड़ित से करीब दो लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने जब अपने रुपये मांगे तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे जानमाल की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

कस्बा के केन नहर के पास बिसंडा रोड निवासी ललित कुमार सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि 14 जनवरी 2024 को हमीरपुर जिले के भरुवा सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा गांव निवासी मुकेश कुमार उसके घर आया। बातचीत के दौरान उसने फेरी लगवाकर कुर्सी बिकवाने की बात कही। उसने कारोबार में साझेदारी करने को कहा। इस पर वह तैयार हो गया। 26 जनवरी को मुकेश ने अपने मोबाइल से एक दुकानदार से बात करवाई। दुकानदार ने अपनी फर्म का नाम लिविंग कांसेप्ट व अपना नाम अर्जुन गुप्ता बताया। साथ ही कहा कि मुकेश के पास फर्म का बार कोड है।

वह हमारा पुराना ग्राहक हैं। उसी बारकोड को स्कैन कर पैसा भेजने पर कुर्सियां एक सप्ताह में पहुंच जायेगी। इस पर पत्नी के फोन पे एप के माध्यम से 50-50 हजार रुपया (एक लाख) कंपनी में जमा कर दिया। दो दिनों बाद मुकेश ने कानपुर जाने और कुर्सियां साथ लाने की बात कही। मुकेश ने 27 जनवरी को अपने खाते में फिर से 25,500 व 31 जनवरी को 9,900 रुपये ट्रांसफर कराया। इसके अलावा दो फरवरी को मुकेश ने फोन कर कहा कि कुर्सियां लोड हो गई है, लेकिन पैसा कम पड़ रहा है। इस पर उसने पत्नी के खाते से 45,000 रुपए कंपनी के खाते पर जमा किया। एक सप्ताह तक इंतजार के बावजूद कुर्सियां नहीं आई।

आशंका होने पर उसने मुकेश को फोन लगाया तो उसने फोन नहीं उठाया। 21 मार्च को वह कानपुर के टाट मील चैराहा स्थित कंपनी लिविंग कांसेप्ट पहुंच कर अर्जुन गुप्ता से मुलाकात की और कुर्सियां न पहुंचने की बात बताई। इस पर फर्म संचालक अर्जुन गुप्ता ने अभद्रता करते हुए कुर्सियां और रुपये देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने 1.80 लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## विद्यार्थियों ने किया चित्रकूट का भ्रमण

**कमासिन।** ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) अंतर्गत सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के खेलकूद व शिक्षा क्षेत्र में पुरस्कृत विद्यार्थियों ने चित्रकूट के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने नौका विहार के साथ गनीवां फार्म व नांदी के हनुमान मंदिर का भ्रमण किया।

बीआरसी बीईओ आभा अग्रवाल के नेतृत्व में लगभग 60 छात्र-छात्राओं को उनके कक्ष अध्यापकों के साथ बस से चित्रकूट ले जाया गया। बीईओ ने बताया कि मेधावी बालक बालिकाओं को भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं ने तुलसी जन्मस्थली, हनुमान मंदिर, गनीवां फॉर्म के अलावा चित्रकूट के दर्शनीय स्थलों में भ्रमण करते हुए नौका विहार का लुल्फ लिया। विद्यार्थियों को पर्यटन साहित्य भी उपलब्ध कराया गया।

# इंजीनियर समेत दो ने फांसी लगाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- परिजन बोले, काम के दबाव से परेशान थे अभियंता
- दूसरी घटना में पेड़ पर लटका मिला ग्रामीण का शव

**अमृत विचार।** अलग-अलग घटनाओं में सिंचाई विभाग अभियंता समेत दो ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

महोबा जिले के चरखारी कस्बे के हाथी खाना निवासी विक्रम वर्मा (32) पुत्र बालमुकुंद वर्मा शहर के बंगालीपुरा में पत्नी प्रीति के साथ किराए के मकान में रहा था। वह सिंचाई विभाग केन-बेतवा गठजोड़ परियोजना में इंजीनियर पद पर तैनात था। गुरुवार की शाम विक्रम ने कमरे के अंदर पंखा के हुक पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मृतक के पिता ने बताया कि विक्रम को नौकरी तीन साल पहले मिली थी। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। पत्नी गर्भवती है। वह होली में पत्नी को छोड़ने मायके झांसी गया था। दो दिन पहले ही वह गांव से बांदा लौटा था।

पिता का कहना है कि काम के दवाब के चलते विक्रम ने फांसी लगाई। तिंदवारी थाना के परसौड़ा गांव निवासी नत्थू प्रसाद (50) पुत्र मैकू वर्मा का शव शुक्रवार की भेर खेत में लगे बबूल के पेड़ पर दुपटटा के सहारे फंदे पर लटकता मिला। ग्रामीणो ने इसकी सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धर्म

## गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद, मसीही समुदाय के लोगों की रही भागीदारी

# गिरजाघरों में हुईं प्रार्थना सभाएं, यीशु के संदेश सुनाए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक सेंट जार्ज और सेंट पाल चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। मसीही समुदाय के लोग यह दिन प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाने की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाते हैं। विशेष प्रार्थना सभा में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों ने मुल्क के अमन चैन की कामना की गई। प्रभु यीशु के सात संदेश सुनाए गए।

जग को मानवता, प्रेम, दया, करुणा और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को सूली पर लटकाए जाने की याद में शुक्रवार को शहर के आवास विकास स्थित ऐतिहासिक सेंट जार्ज और रोडवेज बस स्टैंड के सामने स्थित सेंट पाल गिरिजाघरों में अलग-अलग समय पर गुड फ्राइडे पर मसीही समुदाय के लोगों ने सामूहिक प्रार्थना सभाओं में उनको नमन किया। इस दौरान प्रभु यीशु के सात वचनों को याद किया गया। साथ ही उनके मानवता-प्रेम के संदेशों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। कभी इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ा दिया गया था। चर्च के मुख्य पादरी अनुपम जान ने प्रभु यीशु के सात वचनों को रेखांकित किया। कहा कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन है गुड फ्राइडे। सेंट जॉर्ज प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन कहा कि कि प्रभु यीशु मसीह को जब सूली पर चढ़ाया गया तो सबसे पहले उन्होंने कहा कि हे पिता इन्हें क्षमा करना, क्योंकि ये नहीं जानते कि कर क्या रहे हैं। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु के सातों वचनों को एक-एक कर स्मरण कराया गया। प्रार्थना सभा के बाद मसीही भजनों की प्रस्तुति हुई। रोमियो दास ने भी प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य पादरी ने बताया कि रविवार को 9:30 बजे ईस्टर पर्व की आराधना होगी। इस दिन प्रभु यीशु मरकर तीसरे दिन पुर्नजीवित हो गए थे। इस मौके पर देश में अमन और शांति व एकता बनाए रखने के लिए प्रार्थना की जाएगी। इस मौके पर पारुल, मानसी, एल्फ्रेड रस्किन, किशन, एस्थर, गजराज साहू, अनीता, प्रियंका, सुमित, सालोमन, शालोम दास, सैम, रिकी, पीटर, किशन आदि उपस्थित रहे।



प्रार्थना सभा में शामिल इसाई समुदाय के लोग। अमृत विचार

# पंचायत ने ध्वस्त कराया शौचालय

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार :** कस्बे में क्षतिग्रस्त सुलभ शौचालय को नगर पंचायत ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त करा दिया। तीन साल पहले मार्ग चौड़ीकरण के दौरान पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने इसके आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बाद भी आसपास के व्यापारी और यात्री लगातार इस्तेमाल कर रहे थे।

कस्बा के बांदा मार्ग पर मुख्य चैक के निकट बने सुलभ शौचालय को शुक्रवार को दोपहर में नगर पंचायत ने जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त करा दिया। लोगो की मांग पर तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता चौरसिया ने वर्ष 2014 में लगभग तीन लाख रुपए की लागत से शुलभ शौचालय का निर्माण कराया था। यहां बस स्टैंड होने के कारण महिलाओं और अन्य लोगों के लिए इसकी सख्त जरूरत भी थी। लेकिन वर्ष 2021 में बांदा-कालिंजर मार्ग का फोर लेन निर्माण करते समय पीडब्ल्यूडी ठेकेदार ने इसके आगे का हिस्सा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बाद नगर पंचायत ने इसकी मरम्मत नहीं कराई। बस स्टैंड के पास व्यापार करने वाले व्यापारियों ने बताया कि अब उन्हें लघुसंका आदि के लिए काफी दूर जाना पड़ेगा। नगर पंचायत अधिकारियों का कहना है कि चौड़ीकरण के दौरान सुलभ शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके गिरने की आशंका थी।




शौचालय को ध्वस्त करता प्रशासन का बुलडोजर। अमृत विचार




सुन्नी

इफ्तार (शनिवार) 06:33 बजे | सहरी (रविवार) 04:36 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### दबंगों ने पिता-पुत्र को लाठी डंडों से पीटा

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम बुधवारा में एक ग्रामीण को ग्राम के दबंगों ने गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीण को बचाने पहुंचे पिता को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ थाना अजनर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बुधवारा निवासी आदर्श पटैरिया (22) पुत्र हरिहर पटैरिया ने थाना अजनर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे ग्राम के हनुमान मंदिर के पास खड़े थे, तभी गांव के तीन दबंग आए और किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर लाठी डंडों से प्रहार शुरु कर दिया। पुत्र को पिटता देख पिता हरिहर (50) पुत्र धर्मजीत पटैरिया बचाने के पहुंचे, तो उनकी भी दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने जांच कर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पुनर्गठन पेयजल योजना फ्लाप चारों तरफ पानी का गंभीर संकट

## गर्मी की शुरुआत में जल प्रबंधन गड़बड़ाया, शहर में आधा घंटा ही पानी की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी का संकट बढ़ने लगा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना का भी लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि शहर में बमुश्किल आधा घंटे पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लोगों को भरपूर पानी मयस्सर नहीं हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ ऊंचाई के इलाकों में रहने वाले लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। पानी के लिए सुबह पांच बजे से इधर उधर घूमने लगते हैं, कोई टुल्लूपंप लगाने में जुट जाता है तो कोई हैंडपंपों से पानी भरकर काम चलता है।

जिला मुख्यालय से 25 किमी0 दूर उर्मिल बांध से श्रीनगर, सिजहरी और महोबा तक महोबा पुर्नगठन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाकर 2010 में पानी की आपूर्ति शुरू की गई थी। एक दशक तक तो योजना का लोगों को लाभ मिला और भरपूर पानी मिलने से लोग खासा गदगद दिखे। यहां तक कि लोगों ने कुओं और हैंडपंपों की तरफ रूख करना ही छोड़ दिया, जिससे तमाम कुओं का पानी बेकार हो गया। पीने योग कुओं का प्रयोग कम हो जाने से अब इन कुओं में कुड़ा करकट और पेड़ पौधों की पत्तियां पटी पड़ी हैं, लेकिन अब गर्मी में बढ़ते पानी के संकट को देखते हुए लोगों को एक बार फिर परम्परागत कुओं की याद आने लगी है।



इस बांध से की जाती शहर में पानी की आपूर्ति। अमृत विचार

शहर में सबसे पहले चंदेलकालीन मदन सागर सरोवर से 1960 में सीडब्ल्यूआर टेंक बनाकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई गई थी। उस समय शहर की आबादी लगभग 20 हजार के आसपास थी, लेकिन धीरे धीरे आबादी के बढ़ने से मदन सागर सरोवर से की जाने वाली आपूर्ति नकाफी साबित होने लगी, जगह जगह पानी को लेकर हायतौबा मच गई, जिससे तत्कालीन राज्यमंत्री सिद्धगोपाल साहू ने 2003 में महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना का स्टीमेट बनवाकर शासन को भिजवाया था। इसके बाद शासन स्तर पर पैरवी करने के बाद योजना को मंजूरी मिल गई और उर्मिल बांध में इंटेकवेल बनाकर महोबा शहर तक पाइप लाइन बिछाने के बाद 2010 में उर्मिल बांध से पानी की आपूर्ति शुरू करा दी थी, लेकिन पिछले चार सालों से गर्मी शुरू होते ही पानी का संकट बढ़ गया है।

### श्रीनगर के फिल्टर प्लांट से होता पानी फिल्टर

उर्मिल बांध से आठ किमी दूर श्रीनगर में महोबा पुर्नगठन योजना के तहत फिल्टर प्लांट बनाया गया। उर्मिल बांध से पानी श्रीनगर प्लांट में पाइप लाइन के जरिए भेजा जाता है, इसके बाद महोबा, श्रीनगर और सिजहरी में पानी आपूर्ति की जाती है। फिल्टर प्लांट में फिटकरी व अन्य सामग्री से पानी फिल्टर करने के बाद ही पानी सप्लाई की जाती है, जिससे लोगों को शुद्ध पानी मिल सके।

# मस्जिद में कुरान किया मुकम्मल

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** रमजानुल मुबारक माह के 17वें रोजे को कस्बे के मोहल्ला पुरवनपुरा की मस्जिद में चल रही तरावीह में हाफिज खालिद द्वारा कुरान मुक्कमल किया गया। मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने की सूचना पहले से ही कस्बे वासियों को दे दी गई थी, जिसके चलते मस्जिद में तरावीह सुनने वालों की खासी भीड़ उमड़ी। तरावीह के बाद नातिया कलाम का सिलसिला शुरु हुआ और इसके बाद फातिहा और आए हुए लोगों को तबर्रुख वितरित किया गया। हाफिज-ए-कुरान को मस्जिद कमेटी की तरफ से कपड़े और नजराना दिया गया साथ ही आए हुए लोगों ने हाफिज से मुसाफा कर तरावीह खत्म होने पर मुबारकबाद दी।

कुरान मुक्कमल होने पर दीनी महफ़िल का आयोजन किया गया, जिसमें हाफिज खालिद ने नबी की सुन्नतों पर अमल करने की नसीहत फरमाते हुए कहा कि नबी की आज के दौर में सुन्नतों को जिंदा करना बड़ा सवाब है। कुरान की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरान को अच्छे अंदाज में पढ़ना चाहिए। एक हाफिज अपने साथ दस लोगों को जन्नत में ले जाएगा, अल्लाह ने हाफिज ए कुरान को बड़ा मर्तबा दिया है, इसलिए अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी हासिल कराएं। हाफिज हमीद ने कहा कि अल्लाह ने वालिदेन का बड़ा मर्तबा बख्शा है, इसलिए इंसान अपने वालिदेन के हक अदा नहीं कर सकता, सभी को अपने अपने वालिदेन का हमेशा ख्याल रखना चाहिए। कहा कि वालिदेन और उलमा ए कराम को मुहब्बत की निगाह से देखना भी एक इबादत है।

जेरे निजामत जनाब नसीम मास्टर साहब, नात खवा हाफिज हमीद साहब, हाफिज हसन साहब, हाफिज अजमेरी, आरिफ साहब, आशिक, अरबाज सहित तमाम लोगों ने शरीफ सुनाकर दीन की बातें बताई गई। मस्जिद कमेटी द्वारा तरावीह पढ़ने वाले हाफिज साहब को फूल माला पहना कुरान मुकम्मल की मुबारकबाद दी गई साथ ही 51 हजार 786 रुपये के नजराने के साथ साथ कपड़े व अन्य उपहार भेंट किए गए। आए हुए लोगों ने भी हाफिज से हाथों में पैसे लेकर मुसाफा किया। अंत में फातिहा पढ़ी गई साथ ही अमन और चैन और मुल्क की तरक्की के लिए अल्लाह से दुआएं की गई और सभी लोगों को तबर्रुख दिया गया। इस मौके पर हाजी शाबान अली, गुड्डू मास्टर, सालू भाई, यूनुस, नदीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



तरावीह मुकम्मल होने के बाद हाफिज के साथ खड़े मस्जिद कमेटी के लोग।

- **तरावीह खत्म होने पर हाफिज को 51,786 रुपये का दिया गया नजराना**

# आंधी से खेत-खलिहानों में रखी फसल उड़ी, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** शुक्रवार शाम को तेज आंधी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। खेत खलिहानों में रखी फसल उड़ने से किसान फसल को एकत्र करते दिखाई दिए। तमाम किसानों की फसल आंधी में उड़ जाने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। खेतों में कटाई के बाद थ्रेसर से कतराई के लिए कुछ लोगों ने खेतों तो कुछ किसानों ने खलिहानों में गेहूं चना और जबे की फसल काटने के बाद रख दी थी, लेकिन आज शाम को आई तेज आंधी से किसानों की कटी फसल खेतों और आसपास उड़कर बिखर गई। इससे किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि बीस दिन पहले बेमौसम हुई बारिश से किसानों की खेतों में खड़ी फसल बारिश और ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई थी थोड़ी बहुत बची फसल को किसानों ने किसी तरह काट कर खेत और खलिहानों में रख दिया।

अब किसान थ्रेसर मशीन आने का इंतजार कर रहे थे। कि अचानक शुक्रवार की शाम को आई तेज आंधी से फसल उड़कर बर्बाद हो गई। एक बार फिर प्रकृति के रूठ जाने से किसाने की मुश्किलें बढ़ गई है। पहले ओलावृष्टि अब तेज आंधी से बर्बाद हुई फसलों के कारण अब किसानों के सामने साहूकारों और खाद बीज के लिए सहकारी समितियां व बैंकों से लिए गए कर्ज की अदायगी की चिंता सता रही है।

तेज आंधी के बाद हुई बारिश ने रही सही कसर पूरी कर दी। खेतों में कटी पड़ी फसल उड़ जाने से जहां किसान परिवार के साथ खेतों में फसल को एकत्र करने में जुटा रहा वहीं दूसरी तरफ आंधी थमने के बाद हुई बारिश में फसल को भिगो कर रख दिया। जिससे अब फसल कतराई के लिए रखी फसल को और इंतजार करना पड़ेगा। कारण धूप में फसल फैलाने के बाद सूखने पर ही कतराई हो सकेगी। इससे किसानो के लिए बारिश ने एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है।

### तेज आंधी से बिजली के तार टूटे, बत्ती गुल

पिछले तीन दिनों से पढ़ रही तेज गर्मी के चलते शुक्रवार को बारिश हो गई। साथ ही तेज आंधी के आने से कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार टूटकर गिर गए।जिससे जिले की बत्ती गुल हो गई। 4 घंटे तक बिजली न आने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली लाइन दुरुस्त करने में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी।इससे लोगों में खासा आक्रोश दिखाई दिया। भीषण गर्मी में पंखे कूलर एसी बंद हो जाने से छोटे-छोटे बच्चे बिल बिलाते दिखाई दिए।

# पांच लाख की नकदी व जेवर की चोरी

**महोबा।** शहर कोतवाली के ग्राम बीजानगर में एक ग्रामीण के मकान में अर्द्ध रात्रि चोरों ने ढाबा बोल दिया और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और नकदी में हाथ साफ कर चंपत हो गए। पीड़ित द्वारा करीब पांच लाख रुपये से ज्यादा की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है।

ग्राम बीजानगर निवासी अब्दुल वकील ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह परिवार सहित खाना खाने के बाद रात को सो गया, तभी आधी रात को अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश किया और चोरी करने के चक्कर में कमरे का सारा सामान बिखेर दिया और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें करीब साढ़े चार लाख रुपये के सोनी चांदी के आभूषण और करीब 75 हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब जागने पर घर का सामान बिखरा देखा और अलमारी से जेबर और नगदी गायब होने पर चोरी की घटना ज्ञात हो सकी। पीड़ित ने पुलिस से चोरी गया सामान वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# दो माह से कोटेदारों को कमीशन नहीं, आक्रोश

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते दो माह से कोटेदारों का खाद्यान्न वितरण के कमीशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कोटेदार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। बावजूद इसके अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे कोटेदारों को आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहो हैं। कोटेदारों ने इसकी शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों से की है।

विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत 70 राशन की दुकानें संचालित हैं, इसी तरह पनवाड़ी विकासखंड में 80 राशन की दुकानें चल रही हैं। कोटेदारों का कहना है कि सरकार गरीबों को निशुल्क राशन सामग्री मुहैया करा रही है, इसके लिए कोटेदार भी राशनकार्ड धारकों को समय पर राशन का निशुल्क वितरण कर रहे हैं। पारदर्शिता के लिए नई तकनीक से राशन वितरण कराया जा रहा है, जिससे कोटेदार न तो घटतौली कर सकता है और न ही कार्डधारकों को राशन डकार सकता है। राशन वितरण व्यवस्था में भारी जटिलता का भी सामना करना पड़ता है। इससे राशन वितरण में अधिक समय लग रहा है। कार्डधारकों को भी घंटों राशन सामग्री लेने के लिए अंगूठा शो न करने पर उन्हें इंतजार करना पड़ता है, जिससे राशन सामग्री लेने के लिए उपभोक्ताओं का सारा दिन बर्बाद हो जाता है। कोटेदारों का कहना है कि पूर्व में राशन वितरण का कार्य चार पांच दिन में हो जाता था, इक्का दुक्का कार्ड धारक ही राशन लेने के लिए बचते थे, लेकिन ईपॉस मशीन के आ जाने के बाद दस से बारह दिन तक वितरण कार्य चलता रहता है।

नर्गिस, प्रताप, गोवर्द्धन, मथुराप्रसाद, शिवकुमार सहित तमाम कोटेदारों ने बताया कि प्रति क्विंटल राशन वितरण पर 90 रुपये के हिसाब से कोटेदारों को कमीशन मिलता है, लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोटेदारों का कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे कोटेदारों के परिवारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

कोटेदारों ने बताया कि जनवरी, फरवरी माह का खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है, अब मार्च का भी वितरण हो गया है, लेकिन अभी तक जनवरी, फरवरी का कमीशन ही नहीं आया है, जिससे कोटेदारों में आक्रोश पनप रहा है।



कस्बा जैतपुर में राशन की दुकान पर लटकता ताला। अमृत विचार

- **कोटेदारों ने उच्चाधिकारियों से भुगतान कराए जाने की उठाई मांग**

> कोटेदारों के कमीशन की धनराशि के ब्योरा बनाकर खाद्य विपरण विभाग बांदा को हर माह भेज दिया जाता है। जनवरी फरवरी का ब्योरा बांदा कार्यालय को समय से उपलब्ध करा दिया गया था। खाद्य विपरण विभाग बांदा से ही कोटेदारों के खातों में धनराशि आएगी। कब तक भुगतान होगा इसकी जानकारी की जा रही है। उनके स्तर से कोटेदारों का भुगतान नहीं किया जाता है।
>
> -अमोल सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, महोबा

# शंकर-पार्वती के विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर के एक पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पं. परमानंद शास्त्री ने शंकर पार्वती विवाह की कथा का लोगों को रसपान कराया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा प्रारम्भ होने से पहले ही महिलाओं के साथ साथ पुरुषों की भीड़ एकत्र हो गई और कथा के अंत तक अपनी जगह पर भक्ति भाव के साथ कथा का स्मरण करते रहे।



कथा सुनाते कथा वाचक। अमृत विचार

कथावाचक ने शंकर पार्वती विवाह कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था, सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्माजी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया, एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में कूदकर आत्मदाह कर ली, इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए, उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। कथावाचक ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि तारकासुर नाम के एक असुर का उस समय आतंक था. देवतागण उससे भयभीत थे, तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है, उस समय भी भगवान शिव अपनी तपस्या में लीन थे, तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई। भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया, लेकिन वह भस्म हो गए. देवताओं की विनती पर शिव जी पार्वती जी से विवाह करने के लिए राजी हुए।

- **जैतपुर के एक पैलेस में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा**

# बीमारी से परेशान वृद्ध ने खुदकुशी की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना श्रीनगर के ग्राम पिपरामाफ में लम्बे समय से बीमार चल रहे एक वृद्ध ने बीमारी से निजात न मिलने से आहत होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर कस्बा चरखारी के मोहल्ला अमरगंज में एक महिला ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया, लेकिन समय पर परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है।

ग्राम पिपरामाफ निवासी कमल किशोर (62) मानसिक रुप से पीड़ित है। उसका ग्वालियर में उपचार की चल रहा था। कई सालों तक इलाज चलने के बाद भी कोई सुधार न होने पर वह बीमारी से तंग आ चुका था। शुक्रवार को परिवार के लोग खेतों पर काम करने गए तभी उसने सूना घर पाकर गले में रस्सी का फंदा डालकर पंखे में लटकर कर झूल गया, जिससे उसी मौत हो गई। शाम को परिवार के लोगों ने आकर देखा तो उसका शव फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रुप से बीमार था और उसका उपचार भी चल रहा था, जिसके चलते उसने खुदकुशी कर ली। कस्बा चरखारी के मोहल्ला अमरगंज निवासी ऊषादेव (45) पत्नी देवीशरण ने घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों से पूछताछ की तो जहर खाने की बात बताई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए,, जहां उपचार शुरु है।

- **चरखारी में महिला ने जान देने का किया प्रयास**

# होली मिलन में बरसा अबीर-गुलाल

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया की मौजूदगी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने शामिल होकर भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। सांसद विधायक के साथ लोगों ने होली का आनंद लिया।

होली मिलन समारोह चेयरमैन के आवास प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने फूल और गुलाल से होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद और चरखारी विधायक ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में नगर के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भजन कीर्तन सुनकर लोगों ने आनंद लिया। निवर्तमान सांसद ने गायक इंद्रेश, विशाल आचार्य की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारा के साथ चार चांद लगाते है। हमें अपने बुजुर्गों से प्रेरणा लेनी चाहिए। विधायक बृजभूषण राजपूत ने भी गायक कलाकारों की प्रसंशा करते हुए कहा कि पूर्व में होली त्योहार सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाते थे, लेकिन भागदौड़ भरी जिंदगी ने अब लोगों को होली खेलने का भी समय नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि अब कैमिकल के रंगों का अधिक प्रयोग होने से भी लोग कैमिकल रंगों से दूर रहते हैं, जबकि पहले टेसू, गुड़हल के फूलों से रंग तैयार किया जाते थे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सक्सेना, समाजसेवी राकेश अरजरिया, चेयरमैन वैभव अरजरिया आदि ने भी अपने विचारों से होली के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, उमाशंकर मिश्रा मुढ़ारी, राधेलाल यादव, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल, भूपेंद्र आदि रहे।



होली मिलन समारोह में बोलते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।

**कार्य प्रगति पर** | 411 किमी रेल लाइन बिछाने का युद्धस्तर पर चल रहा कार्य

# माइनर पुलों के निर्माण के बाद दोहरीकरण का काम तेज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मानिकपुर झांसी रेल लाइन पर माइनर पुलों के निर्माण के बाद दोहरीकरण का कार्य अब तेज गति से शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था की टीम रेल मार्ग पर गिट्टी डालने के बाद अब मशीन के जरिए पटरी बिछाने में जुट गई है। सूपा से चांदो और लाड़पुर से कुलपहाड़ तक टुकड़ों टुकड़ों में दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। अब कुलपहाड़ से झांसी रेल मार्ग पर पटरी बिछाने का काम तेज गति से चल रहा है, जिससे जल्द ही पटरी कार्य पूरा होने के आसार बढ़ गए हैं।

झांसी मानिकपुर और खैरार जंकशन से भीमसेन तक 411 किमी0 लंबी रेल लाइन पर पटरी बिछने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, जबकि 457 माइनर पुलों का कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। 39 मेजर पुलों की भी शुरूआत हो गई है, लेकिन मुख्य पांच पुलों का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है, जिससे रेल लाइन पर 2026 में ही दोहरीकरण ट्रैक पर रेल दौड़ सकेगी। अब रेल लाइन का दोहरीकरण हो जाने पर बुंदेलखंड के लोगों को झांसी, कानपुर, मानिकपुर, प्रयागराज आने जाने में एक से डेढ़ घंटे का समय कम लगेगा साथ ही दूसरी रेल के इंतजार में सिंगल ट्रैक होने के कारण एक दूसरी रेल के आ जाने के इंतजार में खड़ी रहने वाली ट्रेनों को निजात मिलेगी। रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में स्वतीकृत की गई धनराशि से कार्य भी तेज गति से चल रहा है।

झांसी मानिकपुर और खैरार जंकशन से भीमसेन तक रेल लाइन पर कार्य कराने के लिए अलग अलग हिस्सों में कई निर्माण एजेंसियों को काम सौंपा गया था, पहले चरण में रेल ट्रैक की साइड पर मिट्टी डालकर ऊंचाई का काम पूरा होने के बाद, मिट्टी को लेविलिंग भी करा दिया जाने के बाद ट्रैक बिछाने का काम शुरु करा दिया गया है, माइनर पुलों का कार्य अंतिम चरण में चल रहा हे। रेलवे ट्रैक पर बनने वाले छोटे छोटे पुलों का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है, जबकि कुछ पुलियां बनकर तैयार भी हो गई हैं, जहां पर मिट्टी की लेवलिंग और कुटाई का पूरा काम हो चुका है, वहां पर गिट्टी डालकर पटरी बिछाने का काम अलग अलग टुकड़ों में चालू हो गया है। झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर पटरी बिछाए जाने से क्षेत्र वासियों में खासी खुशी दिखाई दे रही है।



पटरी बिछाने का कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

### यह एजेंसियां करा रहीं हैं दोहरीकरण का कार्य

बरुवा सागर से मऊरानीपुर सेक्सन तक त्रिवेणी वीकल्प वैष्णों एजेंसी को रेलवे लाइन का काम दिया है, जो अपने हिस्से का काम कराने में जुटी हुई है। इसी तरह हरपालपुर से महोबा सेक्सन तक का काम घनाराम इंफ्रा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 न्यू देहली को सौंपा गया है, जो मिट्टी डालने के अलावा माइनर पुलो के निर्माण कार्य करा रही है। रेशनल कंस्ट्रक्शन लि0 प्रयागराज एजेंसी को मेजर पुलों के निमार्ण का कार्य बरुवा सागर से मऊरानीपुर सेक्शन तक का सौंपा गया है। मे0 डीपीसी एमबीपीएल माल रोड आगरा एजेंसी को दिया गया है, इसी तरह दो इंर्पोटेंट पुलों के निर्माण का कार्य बेतवा नदी और धसान नदी पर कराने का कार्य मे0 एनडीसीपीएल बीआरबीए जेबी कोलकत्ता को सौंपा गया है।

# चुनौती: कोतवाली से सटी हुई सात दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना

## हजारों की नकदी और सामान बटोर ले गए, सुबह दुकानदारों को घटना का पता चला

- दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर, जांच
- पुलिस ने पीड़ितों को दिया जल्द खुलासे का भरोसा



चोरी की घटना की जानकारी देते दुकानदार। अमृत विचार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पुलिस की गश्त न होने से चोरी की घटनाएं थम नहीं रहीं हैं। गुरुवार की रात चोरों ने कोतवाली से सटे मल्हौंवा रोड़ पर स्थित सात दुकानों के ताले तोड़ हजारों का सामान व नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकानदारों ने दुकानों के ताले टूटे देखे तो हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ला निवासी दुकानदार गौरव कुमार ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ 600 रुपये की नगदी और 700 रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसी तरह रामजी पुत्र हरीदास निवासी मुस्करा खुर्द ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान के ताले और चद्दर तोड़ दी। टोलारावत गांव निवासी मलखान सिंह पुत्र काशीप्रसाद ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर मोविल ऑयल के 10 डिब्बे और उसकी दुकान का कुछ सामान चोरी कर ले गए। कमलेश हलवाई ने बताया कि चोरों ने दुकान का ताला तोड़ 1500 रुपये का सामान और 1000 रुपये की नकदी चोरी कर ली है। फर्नीचर दुकानदार अन्नू पुत्र सुरेश निवासी गुलाब नगर ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर फर्नीचर के औजार और मशीन चोरी कर ले गए। इस्लाम बेग पुत्र कादिर बेग ने बताया कि चोरों ने उसकी टायर पंचर की दुकान और पेटी का ताला तोड़कर लगभग 15 हजार रुपये की कीमत का सामान और मशीनें चोरी कर ले गए। दुकानदारों ने कोतवाली में चोरी की तहरीर दी है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को भेजकर जांच कराई जा रही है। चोरों को पकड़कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### सूना घर पाकर लाखों के जेवरात और नकदी पार

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़ कमरे में में घुस अलमारी तोड़ लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पठानपुरा मोहल्ला निवासी पुष्पा देवी पत्नी मइयादीन श्रीवास ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने भाई कढोरीलाल के घर महोबा जनपद के पनवाड़ी कस्बे में गई हुई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। बताया कि जब वह वापस लौटी तो उसके घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। तब उसे ज्ञात हुआ कि उसके घर चोरी हो गई है। बताया कि चोरों ने अलमारी तोड़ उसमें रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपए की कीमत के सोने और चांदी के जेबरातों चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोर 50 हजार रुपए की नगदी भी ले गए। बताया कि वह अपने घर में अकेली रहती है। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जायेगा।



चोरी गए सामान को दिखाते परिजन। अमृत विचार

## दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी को एसपी से गुहार

**हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार भयभीत है। साथ ही आरोपी के परिवार वालों द्वारा मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

ललपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा को दिए



प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते दिसंबर माह में गांव के ही दो आरोपियों ने नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया था।

मामले में ललपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तार नहीं हो सकी है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों के परिजन मुकदमें में राजीनामा करने का दबाव बना रहे है। राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिससे पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

# आओ मिलकर अलख जगाएं शत -प्रतिशत मतदान कराएं

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा व मवई जार में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने मतदान के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम इंगोहटा व मवई जार में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओं मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि अधिक मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होंगा। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।




मतदाता जागरुकता रैली निकालते बीडीओ व अन्य। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के पतारा और बिलौटा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद शासन प्रशासन द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है। शुक्रवार को क्षेत्र के पतारा और बिलौटा गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें। मतदाता जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, ग्राम संगठन की अध्यक्ष संगीता सिंह, प्रधानाचार्य प्रियंका, विद्यालय का समस्त स्टाफ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा आदि मौजूद रहे।



बिलौटा गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# रोडवेज बस के चालक ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिजनों ने बताया, कर्ज से परेशान रहता था फूल सिंह

**अमृत विचार।** गोहांड कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले में रहने वाले रोडवेज में तैनात एक बस चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



फूल सिंह।

गोहांड कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी फूल सिंह पुत्र जगन्नाथ महोबा डिपो में चालक के पद पर कार्यरत था। गुरूवार की रात फूल सिंह ने घर के अंदर फंसी लगा ली। पत्नी रेखा ने जब अपने पति को फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उसके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि फूल सिंह महोबा परिवहन रोडवेज डिपो में चालक के पद पर तैनात था। बताया कि फूल सिंह के ऊपर साहूकारों का लगभग 5 लाख रुपये का कर्ज था। जिसके चलते वह परेशान रहता था। इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिचालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पत्नी रेखा, मां रूपरानी के अलावा पुत्र अश्वनी, शिवम और पुत्री साक्षी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। घटना को लेकर जरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# निरीक्षण : पशु चिकित्साधिकारी की लापरवाही पर चेयरमैन नाराज

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सुमेरपुर चेयरमैन ने कस्बा के दुग्ध डेरी मार्ग पर स्थित गौशाला में पशु चिकित्साधिकारी व उनके अधीनस्थों द्वारा गौवंशों का इलाज न करने व गौशाला में न आने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा है कि उनकी लापरवाही के चलते गौवंश मौत के मुंह में समा रहे हैं। कहा कि लापरवाही के बारे में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर इनके खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करेंगे।

उक्त बात नगर पंचायत सुमेरपुर चेयरमैन धीरेन्द्र कुमार शिवहरे ने सभासदों की टीम सहित गौशाला का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस गौशाला में गोवंशों की देखभाल करने के लिए कस्बे में पशु चिकित्साधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा तैनात किया गया है तथा उन्हें गौशाला में प्रति सप्ताह आकर बीमार गौवंशों का इलाज करने के निर्देश दिए गए है। लेकिन एक सप्ताह से पशु चिकित्साधिकारी व उनके अधीनस्थ गौशाला नहीं आ रहे हैं, जिससे एक बीमार गौवंश की मौत हो गई है और एक सप्ताह पहले गौवंश कुएं में गिर जाने के बाद उसे कुएं से निकाला गया और उसका इलाज करने के लिए पशु चिकित्साधिकारी को बुलाया गया था। जिस पर उन्होंने गौवंश के घाव में मलहम पट्टी करने के साथ बाती डाली गई थी। लेकिन बीते एक सप्ताह से गौशाला नहीं आये। जिससे गोवंश के घाव में कीड़े पड़ गये और उसके शरीर से बदबू आ रही है। पशु चिकित्साधिकारी व उनके अधीनस्थों की लापरवाही से बीमार गौवंशों की दशा देखी नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व उनके अधीनस्थों के खिलाफ वे जिलाधिकारी को पत्र भेजकर इनके खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करेंगे।



गौशाला का निरीक्षण करते चेयरमैन धीरेन्द्र कुमार शिवहरे। अमृत विचार

# घायल के बेटे ने पांच नामजद व छह अज्ञात पर लिखाई रिपोर्ट

फॉलोअप

- फसल काटने के विवाद में बिरखेरा में चली थी गोली

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुरुवार की शाम क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में फसल काटने को लेकर हुए विवाद में गोली मारने की घटना में घायल के पुत्र ने गांव के पांच लोगों को नामजद करते हुए आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज कराया है।

बिरखेरा गांव के अतरैया हार में गुरुवार के शाम 5:00 बजे फसल काटने के विवाद में बिरखेरा निवासी कृष्ण नारायण पाठक को गांव निवासी वीरेंद्र सिंह, रवि सिंह, भास्कर सिंह, भोलू सिंह, महेश पाल ने आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में घायल कृष्ण नारायण पाठक की पुत्री का पुत्र प्रशांत तिवारी निवासी पहरा थाना कबरई जिला महोबा भी घायल हुआ था। देर रात घायल कृष्ण नारायण पाठक के पुत्र अमित कुमार पाठक ने फसल विवाद का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस गोली लगने की घटना को अभी संदिग्ध मान रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके गहनता के साथ जांच कराई जा रही है।

## इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होंगे पदाधिकारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन की 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में 15 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली जायेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली जाने वाले पदाधिकारियों में मुख्य रूप से गुलाम मोहम्मद नगर अध्यक्ष मौदहा, आदित्य प्रजापति प्रदेश सचिव सीवाईएसएस, अनिल विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ, स्वनेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, बृजभान सिंह राजपूत प्रदेश सचिव व्यापार प्रकोष्ठ, अरविन्द शिवहरे, प्रवेश कुमार साहू, धर्मेन्द्र कुमार, कुलदीप ओमर आदि शामिल हैं।

# सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एमडीएस मेमोरियल इंगलिश मीडियम विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय व कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक नीरज कुमार साहू ने कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को अंक पत्र और शील्ड प्रदान कर हौसला अफजाई की। उन्होंने इस मौके पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिन छात्रों के अच्छे अंक नहीं प्राप्त हुए, वह और मेहनत करें, ताकि आगे उनके और अच्छे अंक प्राप्त हो सकें। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।



वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह में मौजूद स्टाफ। अमृत विचार

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में पैदल रूट मार्च किया गया

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों तथा पीएसी व पैरामिलिट्री जवानों द्वारा पौथिया गांव सहित कई गांवों सार्वजनिक स्थानों में पैदल रूट मार्च करने के साथ चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी संगीता सिंह ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया।

# राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में हुए संघर्ष में दोनों पक्षों से रिपोर्ट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि और प्रधान में चली आ रही है रंजिश

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली में होली के दिन दो सगे भाइयों के बीच उपजे विवाद में दोनों ओर से जमकर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी पत्थर आदि चलाए गए। जिनके वार से कई लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। जिस पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी प्रथम पक्ष के पीड़ित राजेश पुत्र धनीराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर के सामने बैठा हुआ था। तभी गांव के ही वरदानी, मीलू, करन व संतोष आदि लाठी डंडे कुल्हाड़ी लेकर आ गए और हमला कर दिया। जिससे राम, ब्रजेश, फूला देवी, धनीराम, शिवकुमार व बच्चीलाल आदि लोगों को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से कौशल्या देवी पत्नी वरदानी लाल ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही राजेश, धनीराम, राम, बृजेश व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने मेरे पति व देवर, पुत्र सहित पारिवारिक जनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जिनको कस्बे के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था। जहां से गंभीर चोटों के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है और दोनों ओर से मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गंभीर रूप से घायलों का इलाज कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक प्रमुख दोनों के प्रतिनिधियों के इस झगड़े में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल होने के मामले को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

उत्साह

ब्रह्मानंद संस्कृत महाविद्यालय में विजय उत्सव व होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# वक्त की जरूरत है कि कोई भी युवा अशिक्षित-बेरोजगार न रहे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- क्रांतिवीर गणेश महतो को किया गया याद, सुनाए प्रसंग
- महतो का स्मारक बनाने की पुनः उठाई गई मांग

**अमृत विचार।** राठ कस्बे के ब्रह्मानंद संस्कृत महाविद्यालय में ब्रह्मानंद ब्रिगेड एवं विमुक्त, घुमंतू जनजाति विकास परिषद (अखिल भारतीय) के संयुक्त तत्वावधान में विजय उत्सव व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें क्रांतिवीर गणेश महंतों को याद करते हुए उनके प्रसंग सुनाए गए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वक्त की जरूरत है की कोई भी युवा अशिक्षित और बेरोजगार न रहे।

विद्यालय के प्राचार्य प्रो सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विजय उत्सव वर्ष 1858 से मनाया जा रहा है। मार्च 1858 में गोहांड के क्रांतिवीर गणेश महतो ने लुधियात के रणबांकुरों को संगठित किया और तात्या टोपे को प्रेरित कर कंपनी सरकार की सरपरस्त चरखारी रियासत के किले पर अपनी विजय पताका फहराई थी। 1842 से ही कंपनी सरकार के विद्रोही रहे अमर सिंह महतो पर आक्रमण कर चरखारी के राजा ने किले में कैद कर लिया था।



होली मिलन समारोह में फाग गाते लोग। अमृत विचार

गनेश महतों ने 10 मार्च 1858 को अपने पिता को कारागार से मुक्त कराया तथा राजा से 24 तोपें और तीन लाख रुपये वसूले। तोपें और वसूल किए गए रुपये उन्होंने आगामी स्वातंत्र्य समर के प्रबंध के लिए तात्या टोपे को समर्पित कर दिए थे। इतिहास की इस महत्वपूर्ण घटना को प्रत्येक वर्ष विजय उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बुंदेलखंड के बृहद्यी नाम से विख्यात फाग कवि ईसुरी, ख्यालीराम लोधी तथा गजाधर ब्यास की फागों का संगीतमय गायन पं लालता तिवारी, बालकिशन राठ, राम प्रकाश पांचाल की टीम ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डॉ.डीपी सिंह ने शिक्षा, समतामूलक समाज की स्थापना, स्वतंत्रता व स्वाभिमान की बहाली के लिए कटिबद्ध संतप्रवर स्वामी ब्रह्मानंद के महान कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। स्वामी जी द्वारा लिखी पुस्तकों के बारे में भी जानकारी दी। बीएनवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुरेंद्र सिंह ने विस्मृत क्रांतिवीर गणेश महतो व अमर सिंह महतो और उनकी बिरादरी द्वारा स्वातंत्र्य समर किए गए अप्रतिम बलिदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने खेद व्यक्त किया कि आजादी के अमृत काल में भी गणेश महतो का उनकी जन्मभूमि गोहांड में कोई स्मारक नहीं बन सका। विमुक्त घुमंतू जनजाति विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह दादा ने बताया कि नगर पंचायत गोहांड के द्वारा 2018 में ही गणेश महतो की इच्छा अनुसार उनके चिता स्थल पर एक पार्क/स्मारक निर्माण का प्रस्ताव शासन में कापी समय से लंबित है।

उन्होंने बुंदेलखंड को नशा मुक्त कराने, स्वामी जी के जातिगत भेदभाव से मुक्त समाज के निर्माण के संकल्प को पूरा करने, बुंदेली स्वाभिमान और सम्मान व स्वावलंबन की पुनर्बहाली करने पर बल दिया और युवाओं का आह्वान किया कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में अपना पूरा सहयोग दें।

उन्होंने कहा वक्त की जरूरत है कि कोई युवा अशिक्षित व बेरोजगार न रहे। यह तभी संभव है कि जब हर व्यक्ति यह प्रण करें कि वे शराब, तंबाकू, गांजा, गुटखा आदि व्यसनों से दूर रहेंगे। कार्यक्रम में डॉ.बीके लोधी, प्राचार्य डॉ.उमाकांत, अधिवक्ता एमडी सिंह, सदानंद खरे, वंशज पं.परमानंद, सत्येंद्र ठेकेदार, डॉ.मेहेर प्रकाश, गणेश महतो, शंकर सिंह दादा, जगपाल राजपूत, श्याम बाबू राजपूत, राम सनेही राजपूत, ओमप्रकाश राजपूत आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।



प्रशिक्षु शिक्षकों को मतदाता शपथ दिलाते लीडर ट्रेनर। अमृत विचार

## डीएलएड प्रशिक्षुओं को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के सिसोलर स्थित किशनू बाबू शिवहरे डीएलएड महाविद्यालय में शिक्षकों की पांच दिवसीय स्काउट गाइड विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें लीडर ट्रेनर स्काउट अकबर अली ने शिक्षकों को शिष्टाचार, सैल्यूट, स्काउट स्थापना, इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा इत्यादि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीडर ट्रेनर स्काउट ने शिक्षकों को उनके वोट के महत्व एवं आगामी 20 मई 2024 के लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने स्वयं के एवं परिवार तथा पास-पड़ोस के वोटरों को मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मतदान दिवस पर विशेष पर्व के रूप में मनाने के रूप में शपथ दिलाई। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पर इस बार जनपद का मतदान प्रतिशत प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहने का संकल्प लिया।

# मुख्तार की मौत के बाद अलर्ट पर रहा प्रशासन

## एडीएम, एसडीएम, सीओ के साथ अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने शहर व देहात में किया रूट मार्च

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा में इलाज दौर हुई मौत से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जालौन प्रशासन और पुलिस बेहद सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में जालौन कस्बे में रूट मार्च किया। इसमें एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह तथा कोतवाल विमलेश कुमार ने स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के साथ कस्बे के मुख्य मार्ग व गलियों में पैदल मार्च किया। कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जालौन कस्बे में जुमे की नमाज के चलते दोपहर से शाम तक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने पैदल गस्त की। कस्बे में उरई से औरैया मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड से लेकर कस्बे के अंदर मुस्लिम बस्ती से होकर सब्जी मंडी, पुराना बस अड्डा होते हुए नगर की घनी आबादी में रूट मार्च किया।


जालौन में रूट मार्च करते अधिकारी व जवान। अमृत विचार


सुरक्षा व्यवस्था देखते अधिकारी। अमृत विचार

### ड्रोन कैमरों से की निगरानी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन) अमृत विचार। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते सुरक्षा की दृष्टि से मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात रहा। उधर सुरक्षा को लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने गहनता के साथ निरीक्षण किया। इसके साथ ही सुरक्षा को देखते हुए ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की जाती रही। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस तैनात रही। जुमे की नमाज पर मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई।

### संवेदनशील इलाकों में रखी पैनी नजर

**कालपी-जालौन।** अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में मार्च किया है। विदित हो कि गत 22 जनवरी को नगर के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील मोहल्लों में दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद से यह मोहल्ला प्रशासन की निगरानी में है। आलम यह है कि यहां पर 24 घन्टे पुलिस का पहरा रहता है और आये दिन पुलिस के आला अफसर यहां का जायजा लेते रहते हैं और शुक्रवार को भी जुमे की नमाज को लेकर दमदमा स्थित बड़ी मस्जिद के आस-पास पुलिस का पहरा रहा। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल, सीओ डॉ. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने भारी पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बल के साथ नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च किया और लोगों से क्षेत्र में शांति व सद्भाव बनाये रखने की अपील की।

# होली मिलन समारोह में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह आयोजित कर समाज में एकता का संदेश दिया। शिवाजी नगर उरई चौराहे पर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एकत्रित हुए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर, मिठाइयां खिलाई तथा होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल रामफल द्विवेदी ने की। एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन अखिलेश नगायच ने कहा कि विभिन्न रंगों का त्यौहार आज हम लोग एक रंग में एक होकर मना रहे हैं। कार्यक्रम में हिन्दू और मुस्लिम ने मिलकर भाग लिया है, क्योंकि हम सब सैनिकों का न कोई धर्म होता है और न कोई जाति। हमारी सबकी एक ही जाति और धर्म है सैनिक धर्म। लोगों ने देश के विभिन्न मोर्चों पर एक दूसरे के साथ रहकर मातृभूमि की सेवा की है तथा आज हम इस पवित्र रमजान के महीने में पवित्र होली और भाईचारे के त्योहार को एक होकर मना रहे हैं, जिससे समाज में एकता का संदेश जाए। कार्यक्रम में कमांडर अनूप मेहरोत्रा, कर्नल रामफल सूबेदार, रामस्नेही जौहरी, सूबेदार उदयपाल सिंह, धर्मगुरु शत्रुघनसिंह सेंगर हवलदार, रविंद्र सिंह राठौड़, हवलदार राघवेंद्र सिंह सेंगर, हवलदार सुनील कुमार विश्वकर्मा, एचएमटी उमेश चन्द्र वारण्ट अफसर, अशोक कुमार पाण्डेय, कैप्टन संतोष रैकवार, सूबेदार अशोक कुमार, हवलदार सुनील सिंह गुर्जर, हवलदार जितेंद्र कुमार गुबरेले, सूबेदार मुन्नालाल राठौर, हवलदार रविंद्र कुमार शर्मा, हवलदार अमर सिंह पाल, नायब सूबेदार देवेंद्र सिंह यादव, नायब सूबेदार राधेश्याम दोहरे, जगराम प्रजापति, नायब सूबेदार सुहेल अहमद, हवलदार रियाजुल अहमद सहित अधिक संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।


होली मिलन समारोह में भाग लेते पूर्व सैनिक व अन्य लोग। अमृत विचार

● **पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम**

# बसपा ने चुनाव जीतने को बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में जीत हासिल करने के लिए बसपा के शीर्ष नेताओं ने बैठक कर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इस मुहिम को लेकर जालौन-गरौठा एवं भोगनीपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम के आवास पर झांसी मंडल प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जाटव, महेंद्र प्रताप सिंह डकोर मुख्य प्रभारी झांसी मंडल झांसी के अलावा बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी, उदयवीर सिंह दोहरे ने बैठक कर बसपा प्रत्याशी को जिताने की रणनीति के साथ लोकसभा क्षेत्र की हर विधानसभा क्षेत्रों में बसपा समर्थकों की टीम बनाने की रणनीति के साथ संगठन के बफादार लोगों को चुनाव प्रचार की कमान सौंपे जाने का खाका भी तैयार किया गया। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र का रूट चार्ट तैयार करने की जिम्मेदारी बसपा के चुनावी रणनीति कार उदयवीर सिंह दोहरे को सौंपी गयी। बैठक के दौरान झांसी मंडल प्रभारी डॉ. बृजेश जाटव, महेंद्र प्रताप सिंह डकोर मुख्य प्रभारी झांसी मंडल झांसी के अलावा बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने कहा कि बसपा सुप्रीमो बहन मायावती को देश की गद्दी पर पहुंचाने तथा डा. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बचाने के लिए सभी बसपा जनों को बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम को जिताने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी है।


बसपा प्रत्याशी और पार्टी कार्यकर्ता चुनावी रणनीति बनाते हुए। अमृत विचार

● **पार्टी के जिम्मेदार संभालेंगे प्रचार-प्रसार की कमान**

# किशोरी गायब, दर्ज हुई एफआईआर

**कालपी जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षी किशोरी के गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। किशोरी के पिता दर्ज मुकदमे में बताया कि घर के सभी लोग रात में सो रहे थे, इसी दौरान 17 वर्षी पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। गायब पुत्री अपने साथ अंक तालिका, आधार कार्ड, 15 सौ रुपए नगद ले गई है। सुबह पुत्री के गायब होने की जानकारी होने पर खोजबीन की गई, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी विवेचना जितेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# फाग गायन के दौरान चलीं लाठियां
# दो महिलाओं समेत छह लोग घायल

संवाददाता, कोंच (जालौन)

**अमृत विचार।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम भगवन्तपुरा में बीती रात फाग गायन के दौरान लाठी-डंडे चले गए, जिसमें दो महिलाओं सहित छह लोग गम्भीर से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम भगवन्तपुरा में होली के बाद बीती रात फाग गायन कार्यक्रम गांव के चौराहे पर चल रहा था, सभी गायन मंडली गाजे-बाजे के अपनी मस्ती में मस्त थे, तभी गांव के कुछ लोग वहां से निकले और बीच में शोर-शराबा करने लगे। इसपर फाग गायन कार्यक्रम के आयोजकों ने शोर-शराबा करने से रोका तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और मामला लाठी-डंडों तक पहुंच गया। इससे में दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक ही परिवार की 77 वर्षीय वृद्धा सोमवती देवी, 38 वर्षीय माया देवी, 40 वर्षीय प्रमोद कुमार, 35 वर्षीय वीरेन्द्र, 42 वर्षीय गन्धर्भ सिंह तथा 33 वर्षीय बलबीर सिंह गम्भीररूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाये जहां उनकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाबत रेढर थानाध्यक्ष का कहना है कि दो पक्षों में झगड़ा अवश्य हुआ है, कुछ लोग घायल भी हैं लेकिन अभी तक उनके पास रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से रामस्नेही का कहना है कि घटना के तुरन्त बाद पुलिस को सूचना दे दी थी। मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।


मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

● **भगवन्तपुरा में आपसी कहासुनी के बाद हुआ विवाद**

# एसडीएम ने ट्रैक्टर रोककर जांच की

**जालौन।** जालौन नगर में कोतवाली जालौन के सामने नगर भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी जालौन ने ट्रैक्टर से मिट्टी का परिवहन कर रहे 3 टैक्टरों को रोका और जांच की। एसडीएम अतुल कुमार ने परिवहन अभिलेखों की जांच की, एक ट्रैक्टर के अभिलेख सही पाए गए जिसे छोड़ दिया गया, दो ट्रैक्टरों के परिवहन प्रपत्र नहीं मिले, जिन्हे कोतवाली जालौन में खड़ा कर लिया गया है। कानूनी कार्रवाई के लिए खनिज अधिकारी को बुलाया गया है। जांच की जानकारी मिलते ही अन्य ट्रैक्टर चालकों ने ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े कर दिए। कुछ चालक तो मार्ग बदल कर इधर-उधर भाग निकले। कार्रवाई होने से अन्य वाहन चालक भी सकते में आ गए। कुछ ट्रक चालकों ने भी गाड़ी किनारे लगाकर खड़ी कर दी।

# ट्रांसफार्मर के पास कचरे का ढेर, हादसे का अंदेशा


स्टेशन रोड जीजीआईसी कॉलेज के पास कचरे के ढेर के पास लगा ट्रांसफार्मर।

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते शहर के रेलवे स्टेशन के पहले जीजीआईसी कॉलेज के पास कचरे के ढेर के पास विद्युत ट्रांसफार्मर से कभी भी आग धधक सकती है। क्षेत्र के दुकानदारों ने बताया कि खुले मैदान और कचरे के ढेर के पास विद्युत ट्रांसफार्मर होने से किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। इसके बारे में कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है कि ट्रांसफार्मर को चारों ओर से बंद करवाया जाये साथ ही उसके आसपास के कचरे को साफ करवाया जाये। उन्होंने बताया कि पास ही जीजीआईसी कॉलेज है, जहां पर प्रतिदिन छात्राओं का आना-जाना रहता है, जो ट्रांसफार्मर के बगल से गुजरती हैं। व्यापारियों ने समस्या का हल किये जाने की मांग की है।

# पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**उरई।** लोकसभा चुनाव के चलते जालौन पुलिस सक्रिय मोड़ में है। हर बड़ी-छोटी घटना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रेंढर थाना पुलिस ने कुसमरा गांव निवासी वारंटी प्रदीप पुत्र नरेश को उसके घर से गिरफ्तार किया।


प्रदीप


अरविंद।

वहीं थाना क्षेत्र के हसू पूरा गांव के वारंटी अरविंद पुत्र लल्लूराम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि उक्त दोनों वारंटी अदालत में कई तारीखों में नहीं जा रहे थे, कईबार अदालत ने जमानती वारंट जारी किया, मगर दोनों अभियुक्त अदालत में हाजिर नहीं हुए, इसीलिए अदालत ने पिछले माह से गैर जमानती वारंट जारी किए थे।



अतिथियों के साथ विजेता व उपविजेता टीम। अमृत विचार

# रेडबुल ने जीती होली ट्राई सीरीज

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी में चल रहे होली ट्राई सीरीज में जूनियर खिलाडियों की टीम रेडबुल बनाम ब्लैक पैंथर के बीच तीन दिवसीय सीरीज खेली गई, जिसमें दोनों शुरुआती मैच क्रमशः दोनों टीमों ने जीतकर फाइनल मैच में प्रवेश किया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में गोवा रणजी टीम के कोच शैलेन्द्र सिंह सेंगर एवं सर्जन डॉ. हरेंद्र सिंह की उपस्थिति में बेहद ही रोमांचक मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेडबुल की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 145 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी ब्लैक पैंथर की टीम 24वें ओवर में 114 रनों पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एवं खेल की कई टिप्स प्रदान किए। उस अवसर पर एकेडमी के कोच पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, गौरीश द्विवेदी, अंपायर विनय श्रीवास्तव, सरवर अली, फिजिकल ट्रेनर अशोक साहू, हकीम राइन, मोना सिंह, नीरज, जाकिर आदि मौजूद रहे।

● **एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित की गई जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता**

# एटीएम का लॉक तोड़कर डेढ़ लाख रुपये चोरी

संवाददाता, कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** राजघाट स्थित निजी कम्पनी के एटीएम का लॉक तोड़कर डेढ़ लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

नगर के मोहल्ला सदरबाजार निवासी धर्मेन्द्र प्रनामी राजघाट स्थित देशी शराब ठेका के पास एक निजी कम्पनी का एटीएम संचालित करता है। एटीएम देररात तक खुला रहता है लेकिन गुरुवार देर रात वह कैश रखने गया तो लगभग डेढ़ लाख रुपए कैश गायब मिला, जिस पर उसने वहां लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी तो एक युवक एटीएम का लॉक तोड़कर कैश बैग में ले जाता दिख रहा है। शुक्रवार को धर्मेन्द्र प्रनामी ने अज्ञात युवक के खिलाफ एटीएम का ताला तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपये पार करने का मामला दर्ज करवाया है।


सीसीटीवी फुटेज में नजर आया आरोपी।

**फैली सनसनी** थाना कुठौंद के बगावली गांव का मामला, छह माह पूर्व हुआ था प्रेम विवाह

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, यमुना में मिला शव

संवाददाता कुठौंद

**अमृत विचार।** थाना कुठौंद के बगावली गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। महिला का शव पुलिस ने यमुना नदी से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बगावली निवासी रणजीत राजपूत ने कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र के उड़नबा पुरवा के राधेश्याम राजपूत की पुत्री से दीक्षा से प्रेम विवाह किया था।

बताया जाता है कि बीती रात गृहकलह से परेशान होकर दीक्षा ने ससुराल में आत्महत्या कर ली, घबराकर पति रणजीत व घरवालों ने रात्रि में ही दीक्षा के शव को यमुना नदी में फेंक दिया, और घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर मृतका के पिता राधेश्याम और मां ने कुठौंद थाना पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। सीओ जालौन रामसिंह ने यमुना नदी में गोता खोरों के सहयोग से नदी में जाल डलवाकर दीक्षा के शव की खोज की। सीओ रामसिंह ने बताया कि मृतका के कमरे से सुसाइट नोट बरामद हुआ है। जांच की जा रही है। दीक्षा के पिता ने पति रणजीत राजपूत समेत 6 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

**मंगलपुर थाने में पुलिस ने करवाई थी शादी:** दीक्षा और रणजीत की शादी 6 माह पूर्व हुई थी। दीक्षा कानपुर देहात जनपद के मंगलपुर थाना के उड़नबा पुरवा गांव के राधेश्याम राजपूत की पुत्री थी। दीक्षा के घर रणजीत राजपूत का पहले से आना जाना था, इसी बीच रणजीत और दीक्षा में प्रेम हो गया। दोनों के घर वाले इस शादी के लिए तैयार नहीं थे, इसी वजह से सितंबर 23 को रणजीत और दीक्षा घर से भागकर शादी कर ली। बाद में राधेश्याम राजपूत ने रणजीत के खिलाफ पुत्री दीक्षा को बहला-फुसलाकर भागा कर ले जाने का मुकदमा कानपुर देहात के मंगलपुर थाने में दर्ज कराया था। जिसपर मंगलपुर पुलिस ने दोनों को बरामद कर थाने ले आई थी, पुलिस और मृतका के परिजनों के मनाने के बाद भी दीक्षा शादी पर अड़ी रही और बालिग होने के कारण पुलिस ने थाना मंगलपुर में ही दोनों की शादी रीति रिवाज से करवा दी थी।


गुरुवार रात को यमुना नदी में शव की तलाश के लिए गई पुलिस। अमृत विचार

● **पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप, छह माह पूर्व हुई थी शादी**

# प्रशासन ने खराब फसल की हकीकत परखी

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव ने क्षेत्रीय लेखपालों के साथ कालपी क्षेत्र के कई ग्रामों में ओलावृष्टि एवं बेमौसम बरसात से फसलों के प्रभावित खेतों का जायजा लिया तथा किसानों से संवाद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालपी तहसील के आटा, उसरगांव, छौंक आदि आधा दर्जन ग्रामों में अपर जिलाधिकारी नमः गंगे विशाल यादव ने क्षेत्रीय लेखपालों तथा राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ खेतों तथा फसलों का निरीक्षण किया। समझा जाता है कि रिपोर्ट तैयार करके जिला प्रशासन को सौंपी जायेगी। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह कई दिनों बरसात तथा ओलावृष्टि भी हुई है। जिससे खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा था। फसलें बर्बाद हो जाने से कृषक परेशान है। बीमा कंपनी से पीड़ित किसानों को बीमा की धनराशि उपलब्ध कराई जाने की पहल हो सकती है। प्रभावित कृषकों के द्वारा भी फसलों के नुकसान का मुआवजा दिये जाने की मांग उठ रही है। नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह ने बताया कि क्राफ्ट सर्वे राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है।


खेत का सर्वे करते नायब तहसीलदार।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 2263759 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गया है। **शाहिला राशिद पुत्री अब्दुल राशिद सदर बाजार करनैलगंज गोंडा**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 212627168 वर्ष 2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद एहतिशाम पुत्र अनीस अहमद ग्राम परशरामपुर थाना पखरपुर बहराइच**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222367663 वास्तव में खो गया है। **महेश पुत्र श्री पप्पू ग्राम धरमपुर पोस्ट पातुपुर थाना रानीपुर जिला बहराइच, पिन कोड 271872**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भावना भट्ट तिवारी पत्नी मनोज कृष्ण तिवारी निवासी 8/54 a-3 अशोक विहार कॉलोनी, इंदिरानगर लखनऊ, मैंने अपने पुत्र का नाम Avyukt Tiwari से बदलकर Anshuman Tiwari रख लिया हैं, आज से उसे Anshuman Tiwari के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निदेशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्रार्थिनी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

